तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 दिसंबर 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



10 सुशासन दिवस पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ...





13 मिशन से बन रहे डोम शेड में चल रहा घटिया निर्माण




## खबर संक्षेप



### एक ही परिवार के 7 लोगों की घर वापसी

**जगदलपुर।** सेमरा डोंगरीगुड़ा में एक ही परिवार के 7 धर्मांतरित लोगों ने शिवराम नाग, सोनमती नाग, सुकदेई, सुष्मिता, सिद्धी, स्नेहा, कृतिका जो अपने मूल धर्म से भटक कर दूसरे सम्प्रदाय में चले गए थे वे पुनः अपने हिन्दू धर्म में वापस आने का फैसला लिया है। घर वापसी समारोह में माहरा समाज की मुख्य भूमिका रही जिसमें स्थानीय बजरंग दल के पदाधिकारी और समाज के सदस्य उपस्थित थे। समारोह में धर्मांतरित लोगों ने अपने पूर्वजों के धर्म में वापस आने की घोषणा की और अपने नए जीवन की शुरुआत की। परिवार के मुखिया ने कहा कि घर वापसी हमारे लिए एक नए युग की शुरुआत है। हम अपने पूर्वजों के धर्म में वापस आने के लिए उत्साहित हैं और समाज में एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।यह जानकारी माहरा समाज के संरक्षक व विहीप के उपाध्यक्ष परम चालकी ने दी। घर वापसी कार्यक्रम में माहरा समाज से धबलू, सम्पत, गुरुबंधु, धनुर्जय, तुला, गंगा भवानी, भागिरथी, लक्ष्मण, सोमारु, रनदेव, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल से मुन्ना बजरंगी, विवेक शुक्ला, विक्रम ठाकुर, तमिश नायडू, अभिषेक साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### राउरकेला इंटरसिटी एक्सप्रेस 29 दिसंबर को रहेगी बाधित

**जगदलपुर।** सम्बलपुर रेल डिवीजन में तीसरी रेल लाइन निर्माण कार्य जोर-शोर से जारी है। निर्माण कार्य के अंतिम चरण ने नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के मद्देनजर 29 दिसम्बर को एक दिन राउरकेला इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन बाधित रहेगी। 29 दिसम्बर को राउरकेला से जगदलपुर जाने वाली ट्रेन संख्या 18107 वहीं वापसी में जगदलपुर से राउरकेला जाने वाली गाड़ी संख्या 18108 जगदलपुर-राउरकेला इंटरसिटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सम्बलपुर रेल डिवीजन में तीसरी लाइन का कार्य जारी है। इसके कारण सुबह 6 से शाम 6 बजे तक प्रभावित लाइन में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। पटरी बिछाने के अंतिम दौर में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के बाद ही पटरी में गाड़ी दौड़ाने के लिए हरी झंडी दी जाती है।

### बीजापुर में बारिश से खरीदी केंद्र में रखा धान भीगा

**जगदलपुर।** वायुमंडल में बने सिस्टम के प्रभाव से समूचे बस्तर अंचल को चपेट में ले लिया है। यही कारण है कि पिछले दो दिनों से अंचल में मौसम बिगड़ा है। जिससे बारिश का दौर जारी है। हालांकि संभाग में कहीं भी भारी वर्षा दर्ज नहीं किया गया गया है। बावजूद बेमौसम हुई बारिश से खरीदी केंद्रों में रखे धान भीगने की सूचना है। खासकर बीजापुर जिले के मोडकपाल धान खरीदी केंद्र में भारी लापरवाही उजागर हुई। बारिश के पूर्व खुले में रखा हजारों क्विंटल धान को कवर केप से ढका नहीं गया था। जिसके चलते धान भीगने से शासन को लाखों रुपये का नुकसान होने की अनुमान है। हालांकि इस बात की पुष्टि नोडल केंद्र जिला सहकारी केंद्रीय बैंक नहीं कर रहा है लेकिन बैंक के आधिकारिक सूत्र इस बात को स्वीकार रहे हैं कि बारिश के दौरान मोडकपाल खरीदी केंद्र में रखें धान को कवर केप से ढका जा रहा था। इस दौरान 10-20 पैकेट धान नुकसान हुआ है। सूत्रों के मुताबिक आवापल्ली खरीदी केंद्र में रखा धान भीगकर खराब हो गया हैं। मौसम विभाग के अलर्ट के बावजूद प्रबंधक ने धान को बारिश से बचाने कोई माकूल व्यवस्था नहीं की थी।

# बस्तर का बिगड़ा मौसम, पारा 8 डिग्री से ज्यादा नीचे गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पिछले कुछ दिनों से बस्तर का मौसम बिगड़ा हुआ है। मंगलवार और बुधवार सुबह से शाम तक आसमान में शत प्रतिशत बादल छाए रहे। पिछले दो दिनों से सूर्य देवता आसमान के काले बादल के आगोश में समा गए है। इसका प्रतिकूल असर तापमान पर भी पड़ा है।

बुधवार को अधिकतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से अधिक नीचे गिर गया। वहीं न्यूनतम तापमान में लगभग 8 डिग्री सेल्सियस वृद्धि दर्ज की गई है। ऐसे बिगड़े मौसम से सामान्य जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर के अधिकांश सड़कों में जलजमाव व कीचड़युक्त होने से राहगीरों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कामकाजी लोग तो मजबूरी से इस ठंड के मौसम में भी पसीना बहाते नजर आए। जबकि शासकीय अवकाश होने व स्कूली व महाविद्यालय छुट्टी होने से लोग घरों में दुबके रहे। बस्तर और लोहंडीगुड़ा ब्लाक में सर्वाधिक 40 एमएम वर्षा दर्ज किया गया। जबकि संभाग मुख्यालय में 38.3 एमएम, भानपुरी, बकावंड व तोकापाल में 30, नानगुर,बड़े बचेली, दरभा, बीजापुर, कुआकोंडा, उसुर, बारसूर, भोपालपटनम में 20 एमएम वर्षा दर्ज किया गया।

## बस्तर और लोहंडीगुड़ा ब्लाक में सर्वाधिक वर्षा, शहर में भी 38.3 एमएम दर्ज

### हल्की वर्षा के संकेत

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी एचपी चन्द्रा के मुताबिक वायुमंडल में बने सिस्टम के चलते गुरुवार को बस्तर संभाग और अन्य जिलों में एक दो स्थानों पर बहुत हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञानी के मुताबिक प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश में एक नया पश्चिमी विक्षोभ के कारण 27, 28 और 29 दिसंबर को हल्की वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। 27 और 28 दिसम्बर को उत्तर छत्तीसगढ़ में तथा 28 और 29 दिसम्बर को दक्षिण छत्तीसगढ़ में वर्षा होने की सम्भावना है।



### हवा की दिशा में परिवर्तन

*वायुमंडल में एक पश्चिमी विक्षोभ हरियाणा और उसके उससे लगे क्षेत्र में 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में हवा की दिशा में परिवर्तन हो गया है, जिसके कारण बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आ रही है।*

## जयंती : भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद

# अटल जी का संपूर्ण जीवन कार्यकर्ताओं के लिये प्रेरणा स्रोत : केदार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी की 100 वीं जयंती पर उन्हें याद किया। बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में स्व. बाजपेयी के छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। वन मंत्री केदार कश्यप ने अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन में प्रकाश डालते हुये कि कार्यकर्ताओं को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

- अटल की 100 वीं जन्म जयंती पर कार्यकर्ताओं ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

श्री कश्यप ने कहा कि स्व. अटल बिहारी का संपूर्ण जीवन कार्यकर्ताओं के लिये प्रेरणास्रोत है। उन्होंने राजनीतिक जीवन में जो मापदण्ड स्थापित किये थे, उसे सभी कार्यकर्ताओं को सीखना चाहिये। केदार कश्यप ने कहा कि स्व.बाजपेयी ने ही छत्तीसगढ़ की स्थापना की थी। आज देश सहित प्रदेश में भाजपा की सरकार आसीन है, हम सभी को समवेत रुप से राष्ट्र को आगे बढ़ाने नित दिन कार्य करना है, यही स्व. अटल बिहारी बाजपेयी को सच्ची श्रद्धाजंलि होगी। कार्यक्रम को बस्तर सांसद महेश कश्यप व भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने भी संबोधित किया व स्व.अटल का स्मरण किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता उमाकांत सिंह, शीलचंद जैन, उप्पल नायडू, दंतेश्वर राव नायडू व धर्मपाल महावर का शाल,श्रीफल भेंट कर वरिष्ठ नेताओं ने सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन आर्येन्द्र आर्य व आभार प्रदर्शन नव निर्वाचित पश्चिमी जगदलपुर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा ने किया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर श्रीनिवास राव मद्दी, विद्याशरण तिवारी, लच्छूराम कश्यप, योगेन्द्र पाण्डेय, महापौर सफीरा साहू, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, अविनाश श्रीवास्तव, राजेन्द्र बाजपेयी, मनोहर तिवारी, प्रकाश रावल,नरेंद्र पाणिग्रही, दिनेश केजी, बृजेश शर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# बस्तर जिले में हजारों महतारी वंदन योजना के आवेदन निरस्त



हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महतारी वंदन योजना में प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को लाभ मिल रहा है तो वहीं बस्तर जिले में ऐसे कई गरीब महिलाएं हैं जिन्हें इस योजना से वंचित रखा गया है। जिले में हजारों महिलाओं के आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है। अब ये गरीब पात्र महिलाएं सांसद सहित अधिकारियों और सरपंच, सचिव के दफ्तर के चक्कर लगा रही हैं। इस दौरान वे महिला बाल विकास दफ्तर शहर व ग्रामीण परियोजना समेत जिला कार्यालय पहुंच अधिकारियों के समक्ष गुहार कर रहे हैं कि उन्हें इस योजना का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है। बावजूद उन्हें न्याय नही मिल रहा है। जबकि महिलाओं ने अपना आवेदन को ग्राम पंचायत स्तर में जमा करवाया था। सरकार से योजना का लाभ देने की मांग कर रही हैं। इस सबन्ध में जब महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमंत कुमार साहू से उनके मोबाइल ▶▶| शेष पेज 10 पर

- नगरनार क्षेत्र की अनेक महिलाएं योजना के लाभ से पहले से ही हैं वंचित

### पात्र महिलाओं को अपात्र किया

सूत्र बता रहे हैं कि आदिवासी बाहुल्य बस्तर क्षेत्र में ऐसे कई महिलायें हैं जो पात्र होते हुए भी अपात्र कर दी गई हैं। ऐसे भी मामले सामने आ रहे हैं जो जालसाजी कर योजना का लाभ ले रहे थे। नगरनार की पात्र हितग्राही महिला किरण, विमला को इस योजना के लगभग से एक साल से वंचित रखा गया है। संभाग में सैकड़ों हितग्राही महिलाएं हैं जो पात्रता होने के बाद भी योजना का लाभ नहीं पा रहीं हैं।

**पीएम आवास में फर्जीवाड़े का आरोप**

# अंगूठा लगाकर 9 हितग्राहियों के खाते से आवासी मित्र ने निकाले पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। जहां आवास मित्र पर बगैर निर्माण के हितग्राहियों के अंगूठे लगाकर बैंक खाते से पैसे आहरण करने का आरोप है। इस संबंध में अनपढ़ गरीब आदिवासी हितग्राहियों ने मौखिक रूप से विभाग के उच्चाधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं। मजबूरन हितग्राहियों ने 16 दिसंबर को कलेक्टर सुकमा के समक्ष लिखित शिकायत किया है। आदिवासी हितग्राहियों का आरोप है कि आवास मित्र ने उनकी निरक्षरता का फायदा उठाया है और अफसरों ने सांठगांठ कर बैंक से पूरी राशि आहरण कर ली।

- कलेक्टर से पीड़ितों ने की शिकायत

दरअसल, पूरा मामला जनपद पंचायत सुकमा के ग्राम नीलावरम का है। जहां साल 2017-18 में पीएम आवास योजना के तहत कवासी मुया, कवासी माड़ा, कवासी बुधरा, कवासी पोदिया, सोड़ी सोमारू, मड़कम मुया, वेट्टी लक्का, पोड़ियाम हिड़मा और वंजाम मुका के नाम से आवास स्वीकृत हुआ। ग्रामीणों के अनुसार नीलावरम के आवास मित्र मड़कम मंगल द्वारा उक्त सभी आवासों की राशि बिना मकान निर्माण व अधूरे मकानों को पूर्ण होने की झूठी जानकारी दी। वहीं विभागीय अधिकारियों से सांठगांठ कर अंगूठा निशान लगाकर बैंक से हितग्राहियों के खाते से रकम आहरण कर सम्पूर्ण राशि हड़प लिया। धरातल पर मकान बने ही नहीं हैं। इस संबंध में आदिवासी हितग्राही मौखिक रूप से विभाग के उच्चाधिकारियों से शिकायत भी किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे आवास मित्र मड़कम मंगल का मनोबल बढ़ता गया है।

### शिकायत के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

*ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर ग्राम पंचायत नीलवरम के जनप्रतिनिधि कवासी रामा ने 16 दिसंबर को सुकमा कलेक्टर के समक्ष आवास मित्र के खिलाफ शिकायत किया। बावजूद इसके अब तक कोई भी जांच नहीं हुई। शिकायत को देखकर हितग्राहियों का रकम हड़पने वाला आवास मित्र मंगल मड़कम ने कार्रवाई से बचने के लिए 23 दिसंबर को प्रभारी मंत्री के समक्ष भाजपा प्रवेश किया।*

# 8 लाख के इनामी माओवादी ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में चलाये जा रहे लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 8 लाख के इनामी माओवादी ने बुधवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह पूर्वी बस्तर डिवीजन के कंपनी नम्बर 6 में सदस्य के पद पर सक्रिय था।



नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा, माओवादी संगठनों के भीतर आंतरिक मतभेद और जंगलो में रहने की कठिनाईयों से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प करके 8 लाख के ईनामी माओवादी कंपनी नम्बर 6 का सदस्य सुधरू कश्यप उम्र 22 वर्ष जाति माड़िया निवासी बोदली कुदूरपारा थाना मालेवाही ने आत्मसमर्पण की इच्छा जाहिर करते हुए डीआरजी कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित माओवादी को पुनर्वास नीति के तहत 25 हजार की सहायता राशि के साथ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 208 इनामी सहित कुल 888 माओवादी ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

# 12 गांव के 4 हजार उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही छत्तीसगढ़ की बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्युत कंपनी की ओर से बस्तर संभाग के सातों जिलों में विभिन्न योजनाओं से गांव के साथ-साथ घरों को बिजली से रोशन करने जुटा हुआ है। इसके बाद भी बीजापुर जिले के पामेड़ सहित लगभग एक दर्जन गांव के 4 हजार से अधिक घरों को सड़क एवं पुल नहीं होने के चलते छत्तीसगढ़ की बिजली नहीं पहुंच पा रही है। इसके चलते पामेड़ सहित 12 गांव के घरों में तेलंगाना की बिजली का उपयोग किया जा रहा है। विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के ईडी ने बताया कि सड़क और पुल नहीं होने से गांव तक पोल, ट्रांसफार्मर, तार वाहनों से पहुंचना मुश्किल हो रहा है। जिससे ऐसे गांव में छत्तीसगढ़ की बिजली नहीं दिया जा पा रहा है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि तेलंगाना की बिजली से लोगों को बार-बार बिजली बंद होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- सड़क व पुल नहीं होने से तेलंगाना की बिजली से रोशन हो रहे एक दर्जन गांव



### सड़क व पुल बनने से मिलेगी बिजली

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि पामेड़ क्षेत्र के दर्जन गांवों को तेलंगाना से बिजली दी गई है, पर इसका बिल छत्तीसगढ़ तेलंगाना को दे रहे है। इसलिए सड़क एवं पुल का निर्माण किया जाए, जिससे ऐसे गांवों को छत्तीसगढ़ की बिजली दे सकें।

## सातों जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में एक वर्ष में निर्माण किया 425 किमी सड़क

# अंदरूनी क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा रहा लोक निर्माण विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गांव हो, कस्बा या शहर, आम आदमी हो, अफसर या जनप्रतिनिधि, सभी को अच्छी सड़क चाहिए ताकि वे अपना दैनंदिन कामकाज निपटाने सरपट जा और वापस आ सकें। इसलिए लोक निर्माण विभाग बस्तर में अब सड़कों का जाल बिछाने कमर कस ली है। सड़कें किसी भी इलाके के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह न केवल यातायात के लिए, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए भी उपयोगी होती हैं। यातायात और परिवहन सुविधा, आर्थिक विकास, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ पर्यटन को पक्की और अच्छी सड़कों से बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा आधुनिक जीवनशैली का आधार भी सड़कों को माना गया है। लोक निर्माण विभाग ने बजट के अंतर्गत, सी जी आ र आ ई डी सी ए ल , आरसीपीएलडब्ल्यूई, एलडब्ल्यूई, सीआरएफ योजना सहित बस्तर संभाग के सातों जिलों के अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्र में एक वर्ष में 69 सड़क और लगभग 425 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया गया।

- सड़क बनने से ग्रामीण आसानी से पहुंच रहे ब्लॉक व जिला मुख्यालय





अलग खबर

### मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक होंगी सड़कें

ग्रामीणों ने बताया कि बस्तर जैसे क्षेत्र में, जहां पहले सुरक्षा और कठिन भूगोल के कारण निर्माण कार्यों में दिक्कतें आती थीं, अब स्थिति में बदलाव दिख रहा है। यह प्रगति यहां के निवासियों के जीवन स्तर को सुधारने और क्षेत्र को मुख्यधारा से जोड़ने में सड़क सहायक होगी। यह न केवल स्थानीय निवासियों को राहत प्रदान करेगा, बल्कि बाहरी निवेशकों-पर्यटकों और व्यापारियों के लिए भी क्षेत्र को अधिक आकर्षक बनाएगा।

### सड़क आर्थिक व सामाजिक विकास का आधार

पीडब्ल्यूडी जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने बताया कि अच्छी सड़कों का विकास केवल यात्रियों की सुविधा ही नहीं बढ़ाता, बल्कि यह आर्थिक और सामाजिक विकास का आधार भी बनता है। खासकर बस्तर जैसे क्षेत्रों में, जहां प्राकृतिक संसाधन और पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। सड़कों का बेहतर नेटवर्क यहां की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। यहां जैसे हालात हैं, इसके लिए सुरक्षा बल के सहयोग की निहायत जरुरत है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की सामान्य सभा आज

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा का संचालन जिले मे किया जा रहा है। उक्त सोसायटी के अन्तर्गत वार्षिक सामान्य सभा का आयोजन गुरुवार को दोपहर 1 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में निधारित किया गया है। उक्त बैठक में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोण्डागांव के सभी आजीवन सदस्यों को उपस्थित होने को कहा गया है। आजीवन सदस्यों की सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नवीन भवन में चस्पा की गई है।

### रायपुर के निमोरा में 30 को होगा जिपं के अध्यक्षों का आरक्षण

कोण्डागांव। राज्य के 33 जिला पंचायतों के अध्यक्ष पदों के प्रवर्गवार आरक्षण एवं प्रवर्गवार महिलाओं के स्थानों हेतु आरक्षण की कार्यवाही 30 दिसम्बर को होगा। आरक्षण की यह कार्यवाही संचालक पंचायत संचालनालय द्वारा सुबह 10 बजे से ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा रायपुर में की जाएगी। संचालक पंचायत द्वारा सर्व साधारण की जानकारी एवं आरक्षण की कार्यवाही के समय साक्ष्य के रूप में उपस्थित के लिए यह सूचना प्रकाशित की गई है।

### 108 बार हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा 28 को

**जगदलपुर।** भक्तिधाम सेवा समिति धरमपुरा एवं पतंजलि सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ समिति की ओर से धरमपुरा दलपत सागर तट भक्तिधाम हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ 28 दिसंबर की सुबह 10 बजे से शाम 7.30 बजे तक किया जाएगा। इसी दौरान सुबह 10 से 10.30 बजे वैदिक देवयज्ञ एवं दीप प्रज्वलन, 10.30 बजे शाम 6 बजे 108 हनुमान चालीसा पाठ एवं 6 बजे से 6.30 बजे तक महाआरती एवं महाप्रसादी किया जाएगा।

# जल जीवन मिशन से महिलाओं को मिल रही राहत, घर में मिल रहा पानी

## खण्डसरा गांव के घर-घर पहुंच रहा शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

जिले से लगभग 34 किलोमीटर दूरी पर स्थित फरसगांव विकासखंड का ग्राम खण्डसरा जहां की आबादी 621 है, जो आज विकास और समृद्धि की नई कहानी लिख रहा है। कभी इस गांव के लोगों के लिए पानी का मुख्य स्त्रोत हैंडपंप थे। पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए जल जीवन मिशन के तहत खण्डसरा गांव की तस्वीर बदल रही है।

इस मिशन के तहत आज हर घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल 110 घरों में पहुंचाया जा रहा है। जिससे अब हर घर में नल का पानी उपलब्ध है। इस कदम ने गांव को हर घर जल ग्राम का दर्जा दिलाया है। इस योजना ने गांव की महिलाओं के जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। पहले पानी लाने में महिलाओं को बहुत समय और मेहनत लगती थी। सुबह का अधिकांश समय पानी लाने में बीत जाता था, जिससे उनके स्वास्थ्य और अन्य गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। लेकिन अब हर घर नल कनेक्शन के कारण पानी की समस्या समाप्त हो गई है। महिलाओं ने बताया कि इस योजना से न केवल उनका समय बचा है, बल्कि अब वे अन्य कार्यों को भी समय पर पूरा कर पा रही हैं। गांव में "जल वाहिनी" नामक समूह का गठन किया गया है। जिसमें महिलाओं को जल परीक्षण के लिए प्रशिक्षित किया गया है। निमेश्वरी, शांति, लच्छतीन, सरस्वती और राजबती जैसी महिलाएं जल जांच का कार्य कर रही हैं जिससे गांव के पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित हो रही है। जल जीवन मिशन ने स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर गंदे पानी से होने वाली बीमारियों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गांव में हर घर शुद्ध पेयजल से दूषित पानी पीने की समस्या का समाधान हुआ है। जिससे जलजनित रोगों के मामलों में कमी आई है। यह योजना न केवल ग्रामीणों के स्वस्थ जीवन के लिए कारगर साबित हो रहा है, बल्कि महिलाओं और बच्चों के जीवन को भी आसान बना रही है।



### ग्रामीणों ने जताया आभार

गांव की शांतिबाई ने बताया, "पहले हमें दूर से पानी लाना पड़ता था। गर्मी के दिनों में यह काम और भी कठिन हो जाता था। अब नल कनेक्शन के कारण यह समस्या समाप्त हो गई है। हमारे बच्चे अब बिना किसी रुकावट के स्कूल जा पाते हैं और हम महिलाएं अन्य कार्यों में समय लगा पाती हैं। गांव के सरपंच नारायण नाग ने बताया कि जल जीवन मिशन ने हमारे गांव में समस्याओं का समाधान करके ग्रामीणों के जीवन को आसान और सुखद बना दिया है। इस योजना से न केवल जीवन की मुश्किलें कम हुई हैं बल्कि सभी की खुशी और संतुष्टि में भी वृद्धि हुई है। ग्रामीणों ने इसके लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि शासन ने हमारी जरुरतों को समझा और इस महत्वपूर्ण योजना के माध्यम से हमें राहत दी।

## अटल परिसर के निर्माण के लिए 30 लाख की लागत से होने वाले कार्य का भूमिपूजन

# सुशासन दिवस पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को किया गया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव




भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस मनाते हुए शहर में अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम बंधा तालाब गार्डन परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जशपुर से संबोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके साथ ही कोण्डागांव नगर पालिका में 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अटल परिसर का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने श्री वाजपेयी के योगदानों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन कर विकास को एक नई दिशा दी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, काम के बदले अनाज योजना और महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से उन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सुश्री उसेंडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। पूर्व विधायक सुभाऊ कश्यप ने भी वाजपेयी के आदर्शों और उनके ऐतिहासिक कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले की 383 ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में सुशासन दिवस मनाए जाने की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन की स्वी—ति और विधायक सुश्री लता उसेंडी की अनुशंसा पर 20 हितग्राहियों को चेक प्रदान किए गए।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, गोपाल दीक्षित, और कई अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

## अटल चौक हरवेल में मनाया सुशासन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल



कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल स्थित अटल चौक में 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती पर सुशासन दिवस के रूप में धूमधाम के साथ मनाया गया।

सर्वप्रथम अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। साथ ही साथ उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में ग्राम हरवेल के महेश कुमार नेताम सरपंच प्रतिनिधि, बालसिंह मंडावी उपसरपंच, रामलाल मंडावी पुजारी, सुरजलाल मंडावी रोजगार सहायक, सुकमन पटेल मेट, जयराम मंडावी, विजय पांडे, गोविन्द मंडावी, हाडीराम मंडावी आसोन शोरी, पिलसिंह मरकाम एवं युवा संगठन के सदस्य एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## अस्पताल में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ




**फरसगांव।** सुशासन दिवस के अवसर पर बुधवार को फरसगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में पिता काटकर किया गया है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा, उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल पार्षद शैल सेठिया , जागेश हीडको , स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम चेतन चौहान, मोना मरकाम, सुजीत मरकाम , राकेश यादव, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे ।

# सूने घर से चोरों ने लाखों के जेवरात व नकद किया पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बड़ेमुरमा में चोरों ने सूने घर को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात व नगद पार कर दिया। जिस समय चोरों ने घटना को अंजाम दिया उस समय परिवार सगाई कार्यक्रम में सम्मिलित होने असम गया हुआ था इसी का फायदा उठाते हुए चोरों ने घटना को अंजाम दिया।

■ परपा थाना क्षेत्र के बड़े मुरमा में चोरों ने घटना को दिया अंजाम

जानकारी के मुताबिक परिवार जब सगाई से वापस लौटा तो चोरी की वारदात का पता लगा जिसके बाद प्रार्थी ने मामले की रिपोर्ट परपा थाना में दर्ज कराई है। मामले की जानकारी देते हुए प्रार्थी सुनील ने बताया कि वह एक एनजीओ में काम करता है। 12 दिसंबर की सुबह पूरे परिवार सहित सगाई के लिए असम गए हुए थे। 15 दिसंबर की दोपहर बड़े पिताजी के बेटे विरेन्द्र दास ने घर का ताला टूटे जाने की सूचना दी। जिसके बाद परिवार के सदस्य जीजा महेश्वर बघेल, दिप्तीमनी व हारून दास घर पर गए। जहां पूरा सामान बिखरा पड़ा मिला। सगाई से 21 दिसंबर को ग्राम बड़े मुरमा स्थित घर पहुंचे। अज्ञात देखा तो चोरों ने घर के अंदर तीन कमरों में रखी तीन अलमारी का दरवाजा व लॉकर तोड़ दिया था। लॉकर के अंदर रखा सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। चोरो ने 2 लाख 30 हजार का सामान व नगदी रकम 50 हजार रूपए पार कर दिया था। परपा टीआई भोलासिंह राजपूत ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

### त्रिस्तरीय आम निर्वाचन के लिए आरक्षण 28 को

**जगदलपुर।** त्रिस्तरीय आम निर्वाचन के लिए जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, सदस्य की आरक्षण एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आवंटन, आरक्षण की कार्यवाही पूर्ण करने 28 दिसम्बर को कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में सुबह 11 बजे से की जाएगी। ग्राम पंचायतों के वार्डों के आरक्षण एवं ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आवंटन, आरक्षण की कार्यवाही पूर्ण करने 28 दिसम्बर को संबंधित जनपद पंचायत के सभा कक्ष में सुबह 11 बजे से चक्रानुक्रम एवं लॉट के माध्यम से की जाएगी।

# खेलकूद में भाग लें, एक स्वस्थ शरीर में ही करता है स्वस्थ मस्तिष्क निवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धनोरा

नवीन शासकीय महाविद्यालय में 20 दिसंबर से दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य एस. डी .सोनवानी के निर्देशन व मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राकेश पोटाई थे। श्री पोटाई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उत्तम स्वास्थ्य एवं खेलों की महत्वता पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता ओ.पी.साहू सहायक प्राध्यापक ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ओ.पी.साहू ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को भविष्य में अच्छे खेल भावना के साथ उत्कृष्ट खेल खेलना चाहिए। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।

■ नवीन शासकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव

### विजेता किए गए पुरस्कृत

विभिन्न गतिविधियों कबड्डी,खो खो ,क्रिकेट,बालीवाल,लंबी कूद,ऊंची कूद,भाला फेक,रंगोली, छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी खेलों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच बीए फर्स्ट सेमेस्टर बालक सन्यासी उसेंडी को दिया गया।

### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में आर.के. बघेल एवं संतोष कुमार यादव सह कीड़ा अधिकारी, प्राध्यापकगण दिव्या मधुलता , सावित्री पोयम, उत्तम निराला,सुश्री माधुरी परस्ते, गीता यादव ,प्रतीक साहू, गौतम पटेल,गौतम जैन, घनश्याम साहू अमृता साहू एवं छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान सराहनीय रहा।

# सहकार से समृद्धि योजना के तहत गठित समितियों का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



सहकारिता, पशुधन और मत्स्य विभाग के तत्वावधान में आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय गृह एवं सहकारी मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में शुरू की गई सहकार से समृद्धि योजना के तहत नवगठित सहकारी समितियों का शुभारंभ हुआ। इसका सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कोण्डागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने सहकारिता को देश की आर्थिक मजबूती और किसानों की समृद्धि का महत्वपूर्ण जरिया बताया। उन्होंने कहा कि अमूल और लिज्जत पापड़ जैसी सहकारी संस्थाएं इसकी सफलता के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। सुश्री उसेंडी ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों और ग्रामीण क्षेत्रें के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। जिले में नवगठित 2 डेयरी और 3 मछुआ सहकारी समितियों को पंजीयन प्रमाण पत्र सौंपे गए। एटीएम कार्ड वितरण, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के 125 हितग्राहियों को एटीएम कार्ड प्रदान किए गए। सुविधा उपकरण वितरण, मत्स्य विभाग ने 5 मछुआरों को आइस बॉक्स और एक मछुआ समिति को मछली पकड़ने के लिए जाल वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान सहकारिता, पशुधन और मत्स्य विभाग द्वारा सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली, विकास और प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाना और ग्रामीण क्षेत्रें में आर्थिक स्थिरता लाना था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना और किसानों, मछुआरों और ग्रामीण हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना था।

*ये रहे उपस्थित: इस अवसर पर एडीएम दीपेश अरोरा, चित्रकांत चार्ली ठाकुर, वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक, सहायक मत्स्य अधिकारी, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम क्षेत्र के आर्थिक विकास और ग्रामीण जनता के जीवन में सुधार लाने की दिशा में सहकारिता के योगदान का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा।*

### टलनार केन्द्र में धान खरीदी को लेकर विवाद



**जगदलपुर।** बकावण्ड ब्लॉक के ग्राम बजावण्ड निवासी किसान के साथ टलनार धान खरीदी केन्द्र में धान खरीदी को लेकर मंगलवार को बहसबाजी हुई। जानकारी मिलते ही भारतीय किसान यूनियन ने पीड़ित परिवार डमरूधर से मिलकर टलनार धान खरीदी केंद्र में जाकर वहां के कर्मचारियों से इस बारे में बात कर अन्य कार्यों का जायजा लिया। उन्हें किसानों को परेशान नहीं करने का निर्देश दिया गया। यूनियन के अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार और जिला अध्यक्ष रमेश गोयल और सदस्य शुभम सिंह और गुड्डू, प्रमोद आदि ग्रामीण उपस्थित थे। कमिश्नर को ज्ञापन सौंपने के बाद से जिला प्रशासन की टीम जाग उठी है। खरीदी केन्द्रों में जाकर जांच चालू है। बहुत सारे खरीदी केन्द्रों पर त्रुटि भी पाई जा रही है।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर जागरुकता शिविर

# खरीदी गई वस्तु में दोष पाए जाने पर दो साल तक कर सकते हैं शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल

राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस दिवस के अवसर पर 24 दिसंबर को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित केशकाल एवं साप्ताहिक बाजार केशकाल में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न ग्रामों से आए हुए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया गया कि प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसंबर को मनाया जाता है। प्रत्येक उपभोक्ता को खरीदने के दौरान दुकानदार से बाहक साधिकार बिल की मांग करनी चाहिए।

■ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक व साप्ताहिक बाजार में दी गई विधिक जानकारियां

उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के आदेशानुसार श्रीमती अंजली पांण्डेय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी/ अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल, गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के निर्देशानुसार श्रीमती मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल द्वारा उपभोक्ता अधिकार के संबंध में बताया गया। खरीदी गई वस्तु में अगर किसी प्रकार का दोष हो तो बदले में नई लेने का हक़ है। सामान खरीदने के लिए दी गई रकम वापस लेने का हक़ है। नुकसान होने पर मुआवज़ा प्राप्त करने का अधिकार है। खरीदे गई वस्तु के कारण हुई हानि की मानसिक क्षति का दावा करने का अधिकार है। इसकी शिकायत जिला उपभोक्ता फोरम में की जा सकती है। वस्तु में दोष पाए जाने पर दो साल के भीतर शिक़ायत की जा सकती है। जिला उपभोक्ता फोरम के निर्णय के विरूद्ध अपील राज्य उपभोक्ता फोरम कमीशन में, राज्य उपभोक्ता फोरम कमीशन के विरूद्ध अपील राष्ट्रीय उपभोक्ता कमीशन में, राष्ट्रीय उपभोक्ता कमीशन के विरूद्ध अपील उच्चतम न्यायालय में की जा सकती है। अपील आदेश के तीस दिवस के भीतर करना आवश्यक है। आदेश की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।




### नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में बताया

*इस अवसर पर अधिकार मित्र रंजन कुमार बैध थाना ईरागांव के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की निःशुल्क योजनाओं और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकार मित्र की भूमिका की जानकारी दी गई। नालसा सालसा की जानकारी देते हुए नालसा की एक योजना नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2016 तथा अभिव्यक्ति एप, महिला हेल्प लाइन 1091, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 व बाल श्रम, बाल विवाह एवं नेशनल लोक अदालत, नशीली पदार्थों के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नालसा हेल्प लाइन 15100, साइबर क्राइम के संबंध में तथा हेल्पलाइन 1930 और यातायात नियमों की जानकारी दी गई। शिविर में अधिकार मित्र रंजन कुमार बैध थाना ईरागांव उपस्थित रहीं ।*

# राज्य सरकार महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध : टेकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब मनाया जा रहा है। इस मौके पर सुशासन का एक साल—छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल थीम पर मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह अंतर्गत केशकाल में विधायक नीलकंठ टेकाम के मुख्य आतिथ्य में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक श्री टेकाम ने कहा कि राज्य शासन महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें शासन की महात्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं को सशक्त बनाने में कारगर साबित हो रही है। इस अवसर पर एसडीएम केशकाल अंकित चौहान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### हितग्राहियों ने जताया आभार

सम्मेलन में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों ने प्रतिमाह एक हजार रुपए मिलने वाली राशि उपयोग से उनके जीवन में आए बदलाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सम्मेलन में बताया गया कि इस योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। ग्राम नाचनडीही के लाभार्थी गौरी मरकाम ने बताया कि महतारी वंदन से उन्हे बहुत लाभ मिल रहा है। नियमित रूप से योजना की राशि उनके बैंक खाते में जमा हो जाती है। इस राशि को बच्चों के पढ़ाई और छोटा सा कपड़े की दुकान में लगाती हैं। महिला हितग्राहियों ने महतारी वंदन योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णदेव साय के प्रति आभार जताया।

## पेज 9 के शेष

### बस्तर जिले में ...

से संपर्क साधा गया तो उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया। इसलिए विभागीय जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई।

सभी छूटीं पात्र महिलाओं को दिया जाएगा लाभ : सांसद महेश कश्यप ने कहा, इस योजना से हर पात्र महिला को जोड़कर इसका लाभ दिया जाए, यह सरकार की मंशा है। यदि बस्तर में इस योजना की पात्र महिलाओं को तकनीकी त्रुटिवश वंचित रखा गया है तो इसे दुरस्त किया जाएगा। साथ सभी छूटीं पात्र महिलाओं को इसका लाभ दिया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## धान बेचने के 2 दिन बाद खाते में आया राशि : राना



**बीजापुर।** धान खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त व्यवस्था के साथ किसानों का धान सुगमतापूर्वक विक्रय होने से किसानों में हर्षोल्लास का वातावरण है। किसान अपने मेहनत की कमाई समय पर पाकर छत्तीसगढ़ सरकार के व्यवस्थाओं की प्रशंसा कर रहे हैं। तुरनार निवासी किसान बृजलाल राना ने बताया कि इस बार 100 क्विंटल धान बेचा समय पर टोकन काटने एवं धान बेचने में हुई सहूलियत से वह काफी खुश है। वहीं बीजापुर के उपार्जन केन्द्र में पर्याप्त सुविधा उपलब्ध होने की जानकारी दी किसान बृजलाल राना ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान और 31 सौ रूपए में धान खरीदी के पहल को किसानों के हित में बताया और धान बेचने के दो दिन बाद उनके खाते में धान की राशि आने की बात बताई और कहा कि समय पर धान की राशि आने से उनके बहुत से कार्य जो पैसो के लिए अटका था वह पूरा हो गया। इतनी अच्छी व्यवस्था के लिए शासन और प्रशासन को हृदय से आभार भी व्यक्त किया।

## पशु पालन में प्रशिक्षित हो रही महिलाएं

**बीजापुर।** जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाने के लिए पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा, दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविदयालय अंजोरा दुर्ग में प्रशिक्षित किये जाने की कार्ययोजना बनाई गई है। हाल ही में 20 समूह की महिलाएं गाय की नस्ल सुधार, प्रबंधन, बीमारी रोकथाम, टीकाकरण, कम लागत मे आहार प्रबंधन में 3 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न किये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में समूह की महिलाओं को स्थाई आजीविका मूलक गतिविधि से जोड़ने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, इससे पूर्व 70 महिलाएं बकरी पालन, मुर्गीपालन के प्रबंधन एवं संचालन विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त कर ली हैं। इन महिलाओं के स्थाई आजीविका के अवसर मुहैया कराने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की महात्मा गांधी नरेगा योजना से पशु शेड निर्माण की कार्य योजना बनाई गई है इन महिलाओं को पशु विभाग की योजनाओं का लाभ एवं सहायता अनुदान भी प्रदान किये जा रहे हैं।

**निधन**

### रामअवध प्रसाद



**जगदलपुर।** शासकीय जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद के पिता रामअवध प्रसाद उम्र 82 वर्ष का रात्रि निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास मां दुर्गा चौक से गुरुवार को सुबह 11 बजे निकलेगी और अंतेष्टि खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में की जाएगी।

### बड़े गुडरा और मैलावाड़ा में दिखा निम्न स्तर का काम

# मिशन से बन रहे डोम शेड में चल रहा घटिया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

शिक्षा से जुड़ी संस्थाएं कॉपी कलम छोड़कर निर्माण एजेंसी बनने लग जाये तो आप समझ सकते है कि किस स्तर का निर्माण और कितनी गुणवत्तापूर्ण दंतेवाड़ा जिले में शिक्षा व्यवस्था चल रही होगी।

बिलकुल आप ठीक समझ रहे हैं हम राजीव गांधी मिशन की ही बात कर रहे हैं। जहां इन दिनों बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य बिना तकनीकी

- **जिले में डीएमएफ मद 14 डोमशेड 2 करोड़ 80 लाख की लागत से अलग अलग ब्लाकों में बनाये जा रहे**

जानकारों की टीम के ही किसी निर्माण एजेंसी की तरह करवाये जा रहे हैं। बस फर्क इतना है कि इस विभाग के द्वारा बनाये जा रहे कार्यो को देखकर आप अंदाजा नहीं लगा सकते है कि इस निर्माण कार्य का ठेकेदार कौन होगा? कौन सब इंजीनियर इस निर्माण कार्य की एमबी रिकार्ड करेगा, कितनी लागत राशि का यह निर्माण कार्य होगा। क्योकि यह सभी जानकारी निर्माण कार्य पूर्ण होने तक निर्माण स्थलों पर नहीं मिलेगा।








### रायपुर का ठेकेदार कर रहा काम

इस निर्माण के जिम्मेदार बीईओ बीआरसी है। जब हमने दंतेवाड़ा बीआरसी तेजराम जुर्री से बात कि तो उन्होंने कहा कि रायपुर के ठेकेदार काम कर रहे हैं, पूरा नाम तो नहीं बता पाऊंगा पर पर तिवारी, जैन और महेश्वरी टाइप का नाम है।

### कॉलम गढ्ढे और प्लिंथ में गड़बड़ी

विभाग का एक शैड निर्माण बड़े गुडरा हाई स्कूल के अंदर भी बनाया जा रहा है। जहां इस शैड का फाउंडेशन 20 लाख की लागत से बने स्टीमेट के अनुरूप किसी भी तरह से नहीं दिखता है। जमीन से महज सीमेंट ईट की तीन रद्दे जोड़कर नीव बनाई जा रही है। शैड के कॉलम के लिए कम से कम 1 मीटर गहरा गढ्ढा खोदकर नियमतः खड़ा करना चाहिये मगर मात्र 40 फीट गढ्ढा खोदकर इसे लीपापोती किया जा रहा है। यहां तक फाउंडेशन की ऊंचाई इतनी कम रखी गयी है। फाउंडेशन के ऊपर कांक्रीट डीपीसी 10 सेंटीमीटर भी लेबल से घूम नहीं पा रहा है। शैड निर्माण के लिये स्कूल से ही बिजली सीधे लेकर वेल्डर मशीन चलाकर वही डोम निर्माण किया जा रहा है। इस शैड निर्माण में लगने वाले पाइप, प्रोफाइल सीट और एमएस पाइप के खम्बे बहुत ही हल्के स्तर के इस्तेमाल किया जा रहा है। निर्माण के तकनीकी जानकारों की टीम से स्टीमेट के अनुरूप विभाग को इन कार्यो का भौतिक सत्यापन करवाना चाहिए। ताकि इस निर्माण की आड़ में किस तरह लाखों रुपये की बंदरबांट हो रही है उजागर हो सके। बड़े गुडरा में निर्माण स्थल पर मौजूद कामगार श्याम सुंदर ने बताया की गीदम से गोलू हमको काम करवा रहे हैं। हमारे पास में कोई कोई ड्राइंग और निर्माण का स्टीमेट नहीं है जैसा हम लोग को सही लग रहा है वैसा बना दे रहे हैं।

### जिले में कई जगहों पर बन रहे शेड

जानकारी मिली है कि जिले के गीदम ब्लाक में 5, दंतेवाड़ा ब्लॉक में 5, कटेकल्याण ब्लॉक में 2 और कुआकोंडा ब्लाक में 2 डोम शेड बन रहे हैं। जिसका स्टीमेट विभाग ने 20 लाख रुपये बना रखा है। निर्माण कार्यो की पूर्णता पर इन कार्यो की एमबी भी किस विभाग से रिकार्ड करवाया जायेगा यह भी नहीं पता है।

### गड़बड़ी मिली तो दुबारा होगा काम

निर्माण में गड़बड़ी संबंधी जानकारी मुझ तक पहुंची है, मैं निर्माण स्थल पर टीम भेजा हूं। अगर एक भी गड़बड़ी पाई गयी तो फिर से दुबारा पूरा काम करवाया जायेगा।

**-मयंक चतुर्वेदी,**
कलेक्टर दंतेवाड़ा

## अटल वाजपेयी की जयंती पर पंचायतों में मनाया गया सुशासन दिवस





हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में धान खरीदी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण योजना और महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश विष्णु की पाती का वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में भी मुख्यमंत्री के संदेश विष्णु की पाती हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों और महिलाओं को लगातार वितरित किया जा रहा है।

सुशासन दिवस के अवसर पर बुधवार को जिले पंचायतों में स्थित अटल चौक में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के फोटो में माल्यार्पण कर उनके द्वारा किए गए देशहित के कार्यो को याद किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को मुख्यमंत्री के संदेश का वितरण भी किया गया। संदेश के वितरण की इस कड़ी में कोंटा विकासखंड के ग्राम धोंदरा, इंजेराम, एर्राबोर, दरभागुड़ा तथा अन्य पंचायतों में घर घर जाकर मुख्यमंत्री के संदेश विष्णु की पाती का वितरण किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्हें शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। महिलाओं ने विष्णु की पाती पाकर अपनी खुशी जाहिर की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा भेजी गई विष्णु की पाती को पाकर सविता पोयम काफी उत्साहित और ख़ुश नजर आईं। सविता ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा हमें संदेश भेजना हम सभी महिलाओं के लिए बहुत ही खुशी और गौरव की बात है। हम सभी महिलाएं महतारी वंदन योजना के साथ ही सरकार की अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित हो रहे हैं जिससे हमें आत्मनिर्भरता और सम्मान मिल रहा है। उपस्थित सभी महिलाओं ने प्रदेश में महतारी वंदन योजना का बेहतर संचालन करने तथा छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

## भाजपा ने अटल के योगदान को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

25 दिसंबर को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के पर तोकापाल भाजपा मंडल कार्यालय में सुशासन दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्व. अटल को श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। विधायक श्री गोयल ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने देश को मजबूत और समृद्ध बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनका जीवन हमें प्रेरणा देता है और हमें देश सेवा में हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। कार्यकर्ताओं ने स्व. अटल के विचारों और नीतियों को याद करते हुए उनके मार्गदर्शन में देश के विकास की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, तोकापाल मण्डल प्रभारी संतोष बघेल, कामदेव बघेल, जिला मंत्री युवा मोर्चा चंद्रकांत भंडारी, जिला मंत्री बाबुल नाग, मिटकु बघेल, बंटी ठाकुर, शिव सूर्यवंशी, जलन कश्यप, मेघराज ठाकुर, तनिश तिवारी, परमेश्वर भंडारी, निहांसू सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहे के नारे लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

भारतीय जनता पार्टी मंडल किरंदुल के कार्यकर्ताओं ने 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। मेन मार्केट चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने भारत माता एवं अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प माला अर्पण करके अटल बिहारी वाजपेई अमर रहे का नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर तिलक लगाया पूजन किया फल एवं खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। भाजपाइयों ने अटल के सपनों का भारत निर्माण का संकल्प लिया।

इस दौरान नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी कार्यक्रम के मंडल प्रभारी संजीव दास ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का गठन का पूर्ण श्रेय स्व. अटल बिहारी वाजपेई को जाता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजेंद्र सिंह चौहान कार्यक्रम सह प्रभारी सुनील गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माता और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पर हम सभी गर्व करते हैं। उनके विभिन्न जनकल्याणकारी योजना जन-जन तक पहुंच रहा है। आज के दिन छग के मुख्यमंत्री साय ने छग में जितने भी नगरीय निकाय हैं, नगर परिषद हैं और नगर पंचायत हैं, उन सभी जगह पर अटल परिसर का निर्माण करने की घोषणा की है यह बहुत खुशी की बात है। कार्यक्रम में सुनील गुप्ता, मुख्य वक्ता राजेंद्र सिंह चौहान, रविंद्र सोनी, शैलेंद्र सिंह, दिनानाथ ठाकुर, तपन दास, विक्रम नाहक , शालिनी कर्मा , सुनीता साहू, प्रेमशिला मिश्रा, अनीता वर्मा, बबीता गिरी, यादला अंकम्मा, सरस्वती डहरिया, राजेश वैपरल, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।




## कर्तव्य पर लापरवाही करने वाले शिक्षकों का रोका गया वेतन वृद्धि



**बीजापुर।** जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बालक पोर्टाकेबिन चिन्नाकोड़ेपाल में अव्यवस्था एवं अर्धवार्षिक जैसे महत्वूर्ण परीक्षा के दौरान 48 छात्र अनुपस्थित पाये जाने के कारण प्रभारी अधीक्षक बालक पोर्टाकेबिन चिन्नाकोड़ेपाल अमित कोरसा, शिक्षक एलबी माध्यमिक शाला तुमनार को एवं बालक पोर्टाकेबिन दुगईगुड़ा में अव्यवस्था एवं अर्धवार्षिक जैसे महत्वूर्ण परीक्षा के दौरान 18 छात्र अनुपस्थित पाये जाने के कारण ककेम मारैया सहायक शिक्षक एलबी, प्राथमिक शाला एर्राबोर, पुसबाका प्रभारी अधीक्षक बालक पोर्टाकेबिन दुगईगुड़ा की दो-दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकते हुए प्रभारी अधीक्षक पद से पृथक किये जाने की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार प्रधान अध्यापक कन्या आश्रम शाला चिन्नाकवाली एवं सीमा कुड़यिम प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला चिन्नाकवाली, कु. कमल रंजीता प्रधान अध्यापक बालक आश्रम शाला चिन्नाकोड़ेपाल, रामचन्द्र साहनी प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला चेरामंगी, प्रधान अध्यापक बालक आश्रम शाला चेरामंगी, संजय पुनेम प्रधान अध्यापक व प्रभारी अधीक्षक बालक आश्रम शाला चेरामंगी, कनका एंजा प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला चिन्नाकोड़ेपाल को संस्था में अव्यवस्था पाये जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए वेतन आहरण पर रोक लगाया गया है।

## ख्याल रख रही सीआरपीएफ मेडिकल कैम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

बस्तर संभाग के जिला सुकमा के कोंटा विकासखंड में सेवा दे रही सीआरपीएफ 74वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र लखापाल कैंप में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित की गई।

हिमांशु पाण्डे कमाण्डेंट-74 वाहिनीं के निर्देश में ई व एफ कम्पनी के कमाण्डर रवि कुमार मीना तथा सौरभ सुमन कम्पनी के अधिकारियों और जवानों की उपस्थिति में ग्रामवासियों की आवश्यकतानुसार खून जांच एवं शारीरिक जांच किया गया। जांच के उपरांत सीआरपीएफ डॉक्टर के द्वारा ग्रामवासियों की खून जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यकतानुसार दवाईयां वितरित किया गया और ग्रामवासियों को बताया कि किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ने पर 74 वीं वाहिनी लखापाल कैम्प के जवान ग्रामीणों की किसी भी प्रकार से मदद करने को तत्पर हैं। मेडिकल कैम्प के पश्चात कैम्प के जवानों की तरफ से ग्रामवासियों को जलपान भी कराया गया। सीआरपीएफ के इस कार्य से ग्रामवासी काफी प्रसन्नहित नजर आये और इस कार्य की सराहना किया। कमांडेंट हिमांशु पांडेय ने सभी ग्रामवासियों का सीआरपीएफ पर विश्वास बनाएं रखने पर आभार व्यक्त किया है और बताया कि आवश्यकतानुसार भविष्य में भी सभी प्रकार की सहायता की जायेगी।



### ग्रामीणों से बेहतर संबंध स्थापित करने शुरू की मुहिम

सीआरपीएफ का नाम बस्तर के विकास में सबसे अलग लिया जाता है और स्थानीय ग्रामीणों की समय समय पर जवानों द्वारा तमाम तरह से मदद की जाती रही है। इस बार स्वास्थ कैम्प के माध्यम से सीआरपीएफ द्वारा क्षेत्र के लोगों से बेहतर सम्बंध स्थापित करने हुए, सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत मेडिकल कैम्प आयोजित कर ग्रामीणों का इलाज किया जा रहा है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी
जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## ओम हॉस्पिटल की नई शाखा अब जगदलपुर में







हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रायपुर, सरायपाली और तिल्दा के बाद प्रसिद्ध चिकित्सा सेंटर ओम हॉस्पिटल की ब्रांच का शुभारंभ मंगलवार को हाता ग्राउंड के सामने जगदलपुर में हुआ। इस अवसर पर सासंद रायपुर लोकसभा बृजमोहन अग्रवाल ने फीता काटकर अस्पताल का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि अब बस्तर बदल रहा है और एक तरफ जहां प्रदेश सरकार यहां के निवासियों के लिए सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल खोलने जा रहा है वहीं अब महानगरों से निजी हॉस्पिटल्स भी यहां बेहतर चिकित्सक और सुविधाएं देने पहल कर रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ संतोष बाफना, श्रीनिवास राव मद्दी, रूपसिंह मंडावी व कई भाजपा नेता मौजूद थे। शुभारंभ के अगले दिवस बुधवार को अपने बस्तर प्रवास के दौरान वनमंत्री केदार कश्यप भी अस्पताल के मुआयने पर पहुंचे। अस्पताल के संचालक विनोद अग्रवाल ने बताया कि समता कॉलोनी में 2 कमरे की ओपीडी से आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, तिल्दा और सराईपाली में ओम हॉस्पिटल मरीजों को अपनी सेवाएं दे रहा है।जहां छत्तीसगढ़ और ओड़िशा के मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुरुआत से ही हमारे अग्रजों ने मन में ये प्रण ले लिया था कि वे मरीजों की सेवा के लिए ऐसे भव्य अस्पताल संचालित करेंगे, जहां शासन की तमाम योजनाओं का लाभ उन्हें मिलेगा।

इसी कड़ी में बस्तर के लोगों के लिए इस अस्पताल का शुभारंभ किया गया है ताकि मरीजों को सारी सुविधाएं यहीं उपलब्ध हो और उन्हें कही भटकना नहीं पड़े। यहां मरीजों को बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक यूनिट, मैक्सिलोफेशियल सर्जरी, ट्रामा, एक्सीडेंट, आपातकालीन विभाग, गहन चिकित्सा विभाग, कैंसर रोग, बच्चे दानी का कैंसर, नाक, कान एवं गला रोग, मेडिसिन विभाग, शिशु रोग,चर्मरोग विभाग, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण, मस्तिष्क रोग, हेयर ट्रांसप्लांट यूनिट, नशामुक्ति एवं मानसिक रोग इलाज, पेट सम्बन्धित रोगो का इलाज, गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी, नेफ्रोलॉजी विभाग, स्त्री एवं प्रसूति विभाग, श्वास एवं छाती रोग, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, टेढ़े-मेढ़े दांतों व दंत रोग, नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी, एडवांस पैथोलॉजी यूनिट, सोनोग्राफी, ईको, ईसीजी, मल्टी स्लाइस सीटी स्कैन, फुल्ली मॉडुलर ऑपरेशन थिएटर एवं 24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध होगी।

शुभारंभ अवसर पर ओम हॉस्पिटल से ओम प्रकाश अग्रवाल, डॉ कमलेश अग्रवाल, डॉ. विजय अग्रवाल, डॉ. निकिता अग्रवाल, डॉ. दिव्यांशु गोयल, डॉ. हनुमंता, डॉ. चंद्र मुकेश, डॉ. सुधांशु गुप्ता, डॉ. प्रतीक बारले एवं विक्की अग्रवाल के साथ उनकी पूरी टीम मौजूद थी।

Health Town
K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### रामकृष्ण मिशन का कार्य अतुलनीय




जगदलपुर। रामकृष्ण शारदा सेवाश्रम धरमपुरा अध्यक्ष स्वामी तन्मयानंद के आह्वान पर स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक गुरु रामकृष्ण परमहंस की आध्यात्मिक सहधर्मिणी मां शारदा की 172 वीं जन्मतिथि को स्वामी विवेकानंद के अनुयायियों ने उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर सर्व हिन्दू समाज के सचिव व भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एल. ईश्वर राव , विजय भारत, पवन राजपूत, सुनील जैन, रवि शर्मा द्वारा स्वामी मुख्य ट्रस्टी पुलक भट्टाचार्य, बंगीय समाज के अध्यक्ष मनोरंजन राय, शेखर गांगुली, किर्तोनिया ,बसंत मण्डल, मिहिर मिस्त्री, अनंत पॉल, संजीव मोइत्रा, परितोष पॉल, सौरव विश्वास, संतोष पॉल आदि अनुयायियों से मिलकर स्वामी विवेकानंद, गुरु रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा को संस्मरण कर उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करने पर जोर दिया। समस्त अनुयायियों को मां शारदा के जन्मोत्सव के शुभकामनाएं प्रेषित करते प्रसाद ग्रहण किया।

### मसीह समाज ने यीशु के जन्मदिन पर काटा केक, गिरजाघरों में हुई विशेष आराधना

# उत्साह और उमंग के साथ मना क्रिसमस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर







शहर सहित जिले के सभी चर्चों में बुधवार को मसीह समाज ने उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ यीशु का जन्मदिन पर क्रिसमस पर्व मनाया। चर्च में आराधना करने के बाद केक काटा और सभी को वितरण किया गया।

शहर के चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में बुधवार को क्रिसमस की आराधना की गई, इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसमें महिला समिति के महिलाओं के द्वारा और क्वायर द्वारा विशेष गीत गाया गया। जितेंद्र सिंह एवं राजन डेविड के द्वारा विशेष गीतों को गाकर प्रभु की आराधना की गई। मुख्य वक्ता डीएस रेव्ह. आर नाथ की ओर से ख्रीस्त जन्मोत्सव आनंद के विषय में संदेश दिया। यीशु मसीह दुनिया में संपूर्ण मानव जाति के उद्धार, मुक्ति, प्रेम और शांति के लिए जन्म लिया गडरिया एवं ज्योतिषियों ने भी यीशु के दर्शन कर अपना अपना भेंट अर्पण किया, आनंद से भरकर प्रभु की महिमा की। आराधना की अगुवाई रेव्ह. युसूफ सिंह द्वारा की गई और अंत में डीएस रेव्ह. रविंद्र नाथ ने आशीष वचन देकर सभा समाप्त की गई। साथ ही उन्होंने कलीसिया से कहा गया कि आगामी 29 दिसंबर को क्रिसमस महारैली में सभी शामिल हो। उसके पश्चात केक वितरित कर कलीसिया के साथ खुशियां मनाई गई। इस दौरान जीतेन्द्र फाउलर सिंह, राजन डेविड, जीपी हिल, नरेश सेठी, बबलू पॉल, अरुण जेडक, अनुराग तेलंग, शैलेंद्र शाह, विश्वजीत सिंह, जॉर्डन सामंत, रोनाल्ड सिंग, मोसेस क्रिस्टोफर, सुजीत नाग, जतिन कुमार, विजय, अंशु, रोनी, रोहित, जान आकाश, आयुष सिंह, मेहताब सिंह, शाइन शाह, रियाना दास एवं कलीसिया के अनेक लोग शामिल रहे। इसकी जानकारी मसीह समाज प्रवक्ता अनिमेष दास द्वारा दी गई।

#### लाल चर्च में किया क्रिसमस आराधना

चन्दैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिसकोपल लाल चर्च के क्रिसमस आराधना का संचालन रेव्ह लॉरेंस दास ने किया। मंगलवार की रात को चर्च में महिला समिति के द्वारा सितारों के पीछे का मंचन किया गया और यह बड़ा आकर्षक कार्यक्रम रहा जिसमें ज्योति आराधना भी शामिल थी जो प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी किया गया। क्रिसमस के दिन लांचर के प्रमुख वक्ता बिशप डॉ. एस सुना ने बताया कि यीशु मसीह पापियों के उद्धार के लिए इस संसार में आया हमें प्रभु के नियमों और वचनों के अनुसार चलना चाहिए और छत्तीसगढ़ के अमन चैन के लिए भी दुआ मांगी गई। चन्दैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिसकोपल लाल चर्च के क्रिसमस के कार्यक्रम संपन्न हुए लगातार एक महीने से चर्च की साज सज्जा में सोशल कमेटी के सदस्य लगातार दिन रात चर्च की सजावट में लगे हुए थे। इसकी जानकारी लाल चर्च मसीह समाज के प्रवक्ता रत्नेश बेंजामिन ने दी। चर्च में पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने मसीह समाज के सदस्यों को एकता, शांति और सद्भावना से भरे क्रिसमस की शुभकामनाएं। यह पर्व हमें उज्जवल और अधिक समावेशी भविष्य के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करे। इस अवसर पर प्रभु यीशु के गुणों एवं शिक्षाओं का अनुसरण कर समाज कल्याण में योगदान देने का संकल्प लें। उनकी शिक्षाएं हमें प्रेम, करुणा और सहानुभूति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं।

इस दौरान चर्च में निगम अध्यक्ष कविता साहू, नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, अतिरिक्त शुक्ला, अनवर खान, हेमू उपाध्यक्ष, विजय सिंह, कुलदीप भदौरिया, गौरनाथ नाग, रोजवीन दास, सूयार्पानी, कमलेश पाठक, शुभम यदु, जाहिद हुसैन, निकेत झा, सेमियल नाथ, अभय सिंह, खेमराज सेठिया आदि मौजूद रहे।

## युवा पीढ़ी अपनाए प्रभु यीशु के दया और मानवता के संदेश : मौर्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य व पूर्व विधायक रेखचंद जैन के नेतृत्व में बुधवार को पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रभु यीशु मसीह के जयंती के अवसर पर शहर के विभिन्न चर्चों पर पहुंचकर मसीह समाज के पास्टर सहित समस्त सदस्यों को बधाई दी ।

सुशील मौर्य ने कहा मसीह समाज के युवा पीढ़ी को प्रभु यीशु के दया और मानवता के संदेश को अपनाने की अत्यधिक आवश्यकता है। यीशु ने हमेशा भाईचारा और प्रेम का संदेश दिया । अनेकों कठिन परिस्थितियों के बावजूद प्रभु यीशु ने मानव कल्याण और न्याय की स्थापना का जो उद्देश्य रखा, वह हमेशा मानव जीवन का मार्गदर्शन करता रहेगा। हम सभी उनके दिखाए रास्ते पर चलकर सत्य, स्नेह और समर्पण जैसे गुणों को अपनाएं और समाज व राष्ट्र के उत्थान में अपना योगदान दें।

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने मसीह समाज के सदस्यों को एकता, शांति और सद्भावना से भरे क्रिसमस की बधाई देते कहा कि यह पर्व हमें उज्जवल और अधिक समावेशी भविष्य के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करें।

## 81 हजार की अवैध एमपी की शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दूसरे प्रांत की अवैध शराब तस्करी के फरार आरोपी को पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही। फरार आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एमपी की 108 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया है। बरामद शराब की कीमत 81 हजार रूपए आंका गया है। मामले में आरोपी कमलेश नायक उर्फ शानू नायक 30 वर्ष निवासी डीएनके कालोनी कनेरा रोड़ कोण्डागांव हाल निवास बीजेपी कार्यालय के पीछे नयापारा को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान व फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।

सीएसपी ने बताया कि इससे पूर्व में 17 सितम्बर 2024 को ग्राम आसना पंचायत काम्पलेक्स नंबर 4 में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब काफी मात्रा में लाकर बिक्री करने की सूचना पर आरोपी रामसिंग बघेल 38 वर्ष निवासी आसना नयापारा को गिरफ्तार कर




न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया था। मामले मे फरार आरोपी दिनेश लहरे उर्फ दिनेश चौधरी निवासी बैलाबाजार जगदलपुर के प्रकरण में केन्द्रीय जेल जगदलपुर में परिरूद्व होने से औपचारिक गिरफ्तारी के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव से अनुमति लेकर प्रोडक्सन वारंट कर 14 नवम्बर 2024 को गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया। मामले में अन्य नामजद फरार आरोपीयों के पता तलाश किया जा रहा था। इसी दौरान आरोपी कमलेश नायक उर्फ शानू के बारे में आसना जगदलपुर में घूमने एवं किसी भाडे के वाहन से अंग्रेजी शराब लाकर अवैध रूप से बिक्री के लिए आसना जंगल में छिपाने की जानकारी मिली। सूचना के आधार पर ग्राम आसना के जंगल में पार्क के पास एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर घेराबंदी कर पकड़ कर पुछताछ किया गया। उसने बताया कि कुछ समय से अपने साथी रामसिंग बघेल एवं रवि के साथ मिलकर विगत 4-5 दिनों पूर्व दिगर राज्य मध्यप्रदेश से अंग्रेजी शराब गोवा व्हीस्की को ग्राम आसना के जंगल मे पार्क के पास छिपाकर रखना और आसपास के गांवो व जिलो में सप्लाई करना बताया। कार्रवाई में निरीक्षक शिवानंद सिंह के अलावा एएसआई प्रमोद सिन्हा, आरक्षक युवराज ठाकुर व रोशन चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## झरिया लोहार समाज का गठन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

झरिया लोहार समाज का नवगठन रविवार को किया गया। इसमें संरक्षक छन्नू लाल विश्वकर्मा, दंतेवाड़ा अध्यक्ष देवेंद्र विश्वकर्मा, जगदलपुर उपाध्यक्ष गणेश विश्वकर्मा, जगदलपुर महासचिव सुश्री आशा विश्वकर्मा, जगदलपुर कोषाध्यक्ष देवकुमार विश्वकर्मा को नवपदाधिकारी बनाया गया। जिसमे उपस्थित अतिथि झरिया लोहार समाज प्रदेशाध्यक्ष धनीराम विश्वकर्मा, प्रदेश संरक्षक श्यामसुंदर विश्वकर्मा, संरक्षक दानीराम विश्वकर्मा गुरुर, व्यासनारायण विश्वकर्मा ब्लाक अध्यक्ष गुरुर, दुष्यंत विश्वकर्मा ब्लाक सचिव गुरुर, सचिव गिरिवर विश्वकर्मा, महिला प्रकोष्ठ सरस्वती विश्वकर्मा, दूज बाई विश्वकर्मा, हेमा विश्वकर्मा, दसोदा विश्वकर्मा शामिल रहे। सदस्य चंद्रिका विश्वकर्मा, लक्ष्मी विश्वकर्मा, टिकेश्वरी विश्वकर्मा, राधा विश्वकर्मा, निशा विश्वकर्मा, प्रेम बाई विश्वकर्मा, फलेश कुमार विश्वकर्मा, बिसाहू विश्वकर्मा, सुखीराम विश्वकर्मा, शिवलाल विश्वकर्मा, प्रहलाद विश्वकर्मा को बनाया गया।

## सुशासन रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- महाविद्यालय में सुशासन के एक साल पूरे होने पर विविध आयोजन

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राज्य शासन के सुशासन के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रमों में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक तथा छात्र-छात्राओं ने अपनी भागीदारी दी।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनएसएस के विद्यार्थियों ने 14 दिसम्बर को नाटक की प्रस्तुति की। नाटक का उदेश्य विद्यार्थियों को सुशासन के अनेक फायदों के बारे में जानकारी देना था। नाटक में छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग किरदार में शासन को दो भाग में बांट कर प्रस्तुत किया। जिसमें प्रथम भाग में कुशासन एवं द्वितीय भाग में सुशासन की अवस्था बतायी गई। कार्यक्रम महाविद्यालय के ऑडिटोरीयम मे आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय के स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

वहीं विद्यार्थियों ने 15 दिसम्बर को महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया। 21 दिसम्बर को महाविद्यालय के एनएमएस इकाई द्वारा सुशासन रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

23 दिसम्बर को सुशासन पर स्लोगन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुशासन विषय पर विद्यार्थियों ने अपने शब्दों में स्लोगन प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में कु. चम्पा मण्डल (बीससी द्वितीय वर्ष) ने प्रथम, मिथुन (बीए प्रथम वर्ष) ने द्वितीय तथा कु. रितिका (बीससी द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय में संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाएं एवं उपलब्धियों से ज्ञात कराया गया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ अजय सिंह ठाकुर ने राज्य शासन के विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में सभी संकायों के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।







